**खबर संक्षेप**

## पीएम जनमन योजना की वीडियो कॉन्फ्रेंस से हुई समीक्षा

**मण्डला।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों के लिए शुरू की गई। पीएम जनमन योजना के अंतर्गत विभागों द्वारा किये गए कार्यों की समीक्षा वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से की गई। जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार के अधिकारियों ने विभिन्न विभागों द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के लिए किये जा रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मण्डला गोलमेज कक्ष से इस समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांस कूमट, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्रीमती वंदना गुप्ता, कार्यपालन यंत्री श्री मनोज भास्कर, स्वास्थ्य विभाग, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क, महिला बाल विकास, बीसीएनएल के अधिकारी तथा वन विभाग के अधिकारी शामिल हुए।

## स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु सी.एल.सी द्वितीय चरण प्रारंभ

**मण्डला।** उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन भोपाल के द्वारा बी.ए, बी.कॉम, बी.एससी प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए सी.एल.सी द्वितीय चरण की प्रक्रिया दिनांक 16.07.2025 दिन बुधवार से प्रारंभ हो चुकी है। यह प्रक्रिया दिनांक 30.07.2025 तक निरंतर जारी रहेगी। इस सी.एल.सी राउण्ड में प्रवेष प्रक्रिया में निम्नानुसार कार्यवाही विद्यार्थियों को करनी है। प्रतिदिन 12.00 बजे से 03.00 बजे तक पूर्व में पंजीकृत विद्यार्थियों को ऑन लाईन सेन्टर में जाकर रिच्वाईस करना होगी। इसके साथ ही जिन विद्यार्थियों ने अभी तक पंजीयन नही कराया है ऐसे विद्यार्थियों को 12.00 से 03.00 बजे के बीच पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। प्रतिदिन 03.00 से 04.00 बजे के मध्य हेल्प सेन्टरों के द्वारा नवीन पंजीकृत आवेदनों का सत्यापन किया जायेगा तथा 05.00 बजे सीस्टम के द्वारा प्रवेषित विद्यार्थियों की सूची जारी की जायेगी जिसकी सूचना विद्यार्थियों के पंजीकृत मोबाईल पर प्राप्त होगी। सूचना प्राप्त होने के उपरान्त विद्यार्थियों को अविलंब ऑन लाईन माध्यम से प्रवेष शुल्क का भुगतान करना होगा। जो विद्यार्थी निर्धारित समय में (24 घण्टे के अंदर) शुल्क का भुगतान नही करेंगे ऐसे विद्यार्थियों को दूसरे दिन पुनः रिच्वाईस की प्रक्रिया मे सम्मिलित होकर प्रवेष प्रक्रिया में सहभागिता करनी होगी। यह प्रक्रिया दिनांक 16.07.2025 से 30.07.2025 तक आलटरनेट डे संचालित होगी।

### मोमबत्ती के सहारे हो रहा उपचार

# भगवान भरोसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मवई

*** न डॉक्टर रहते हैं न ही ड्यूटी स्टाफ।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/मवई




आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र मवई में शासकीय स्वास्थ सेवाओं की दुर्दशा भगवान भरोसे है अभी कुछ दिन पूर्व बिना बिजली मोमबत्ती के सहारे उपचार करते हुए मवई सामुदायिक स्वास्थ केंद्र की फोटो वायरल हुई थी दूसरी तरफ अब मवई सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में पदस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लापरवाही सामने आ रही है बुधवार 16 जुलाई ग्रामीण जन सुबह से उपचार हेतु स्वस्थ केंद पहुंचे जहां मरीज एवं उनके परिजन परेशान होते नजर आए। 9 बजे खुलने वाले स्वास्थ्य केंद्र में 11 बजे तक न ही कोई पर्ची काटने वाला अपने स्थान पर था न ही कोई खून जांच कक्ष में कोई कर्मचारी उपस्थित था स्थानीय ग्रामीण और वार्ड पंच लक्ष्मीकांत पाठक ने लोकेशन की प्रमाणित फोटो लेकर स्थानीय सोशल मीडिया ग्रुप में डाला जो सम्पूर्ण क्षेत्र में तेजी से वायरल हो गया जानकारी अनुसार प्रातः 9 बजे से स्वास्थ केंद्र खुलने का समय है किंतु मवई स्वास्थ केंद्र में केवल स्टाफ नर्स की उपस्थिति अपने अपने निर्धारित समय पर रहती है इसके अलावा कोई भी कर्मचारी उपस्थित समय पर नहीं रहता जानकारों के अनुसार यही रवैया प्रतिदिन का है न डॉक्टर रहते और न ड्यूटी लगे अन्य स्टाफ।

### जल्द से जल्द को स्वास्थ सेवाओं में सुधार

सोशल मीडिया में खाली चैंबर वाली फोटो वायरल होने के बाद मवई के स्थानीय युवा एवं वरिष्ठ जन बड़ी संख्या में सामुदायिक स्वास्थ केंद्र पहुंच गए एवं बदहाल स्वास्थ सेवाओं के विरोध में बैठ गए कोई जिम्मेदार सामने नहीं आए कुछ देर बाद यहां पदस्थ बी मैडम आकर कर्मचारियों की कमी का हवाला देकर अपनी जवाब दारी से बचते नजर आई सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में बड़ी संख्या में ग्रामीण जनों की एकत्रित होने की जानकारी लगते ही नायब तहसीलदार मवई पहुंचे वा ग्रामीणों से बात की ग्रामीणों ने 7 दिवस के भीतर स्वास्थ केंद्र में व्याप्त समस्या के निराकरण का आश्वासन दिया वही कलेक्टर के नाम लिखित ज्ञापन सौंप कर लापरवाह कर्मचारियों पर कार्यवाही करते हुए पर्याप्त स्टाफ एवं आवश्यक सुविधा सामुदायिक स्वास्थ केंद्र मवई में बनवाने के लिए आग्रह किया।

### प्रकाश जैसी आवश्यक सेवाएं भी नहीं

बारिश के दिनों में बनाचल क्षेत्रों में बिजली की समस्या बनी रहती है बिजली जाने के बाद मवई स्वास्थ केंद्र में मोमबत्ती और टॉर्च के भरोसे उपचार किया जाता है।

### एक चिकित्सक के भरोसे सवा लाख की जनसंख्या

जिला मुख्यालय से 100 किलोमीटर दूर बसे विकासखंड मवई में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हैं यहां वर्तमान में सवा लाख की आबादी में महज एक चिकित्सक उपलब्ध है जिसके कारण मरीज को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है एक ही चिकित्सक को इलाज मीटिंग योजना की मॉनिटरिंग सब कुछ करना पड़ रहा है इस स्थिति में स्वास्थ्य सेवाएं पटरी से उतर गई है।

### पोस्टमार्डम के लिए स्वीपर नही

मवई ब्लॉक में यदि किसी दुर्घटना या सर्पदंश आदि से किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाए तो पीएम करने की आवश्यकता होती है। ऐसे समय स्वीपर ही उपलब्ध नहीं है पीएम करवाने के लिए स्वीपर मंडला या बिछिया से बुलवाना पड़ता है स्वीपर के पास समय है तो उसी दिन पीएम हो जाता है नहीं तो लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ता है।

### इनका कहना है कि :-

*आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ सुविधा भी उपलब्ध न करवा पाना सरकार की बहुत बड़ी नाकामी है स्वास्थ जैसी आवश्यक सेवाएं भी बदहाल है मवई में।*

**-बोधू सिंह मरावी,**
**विधायक प्रतिनिधि**

*सामुदायिक स्वास्थ केंद्र मवई में व्याप्त अव्यवस्थाओं के विषय में क्षेत्रीय सांसद को दूरभाष के माध्यम से अवगत कराया है सांसद महोदय द्वारा जिला प्रशासन से बात कर व्यवस्था बनवाने का आश्वासन दिया गया है।*

**-इंद्रेश साकत,**
**सांसद प्रतिनिधि**





# दवा दुकानों का किया गया औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

दवाओं के नशे के रूप में दुरूपयोग रोकने, गर्भपात की दवाओं के क्रय-विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण एवं नियमानुसार औषधियों का क्रय-विक्रय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा मंडला जिले में स्थित दवा दुकानों का लगातार औचक निरीक्षण किया जा रहा है। औषधि निरीक्षक जिला मंडला द्वारा मेसर्स वैष्णवी मेडिकल स्टोर्स एवं ओम साई मेडिकल एण्ड जनरल स्टोर्स, अंजनिया तहसील बिछिया जिला मंडला का औचक निरीक्षण किया गया था।

निरीक्षण के दौरान दवा दुकानों में पाई गई अनियमितताओं एवं औषधि, प्रसाधन सामग्री नियमावली 1945 के नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर जांच रिपोर्ट तैयार कर औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी जिला मंडला को प्रेषित किया गया था। औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी जिला मंडला द्वारा उपरोक्त संस्थान को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया था। कारण बताओ नोटिस का जवाब समाधानकारक व संतोषजनक नही पाए जाने के चलते मेसर्स वैष्णवी मेडिकल स्टोर्स एवं ओम साई मेडिकल एण्ड जनरल स्टोर्स को स्वीकृत औषधि अनुज्ञप्तियाँ 5 दिनों के लिए निलंबित कर दिए गए हैं। विगत माह जिला मंडला में संचालित मेडिकल स्टोर्स में निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं के कारण 2 दवा दुकानों मेसर्स आदित्य फार्मेसी, बिछिया जिला मंडला एवं मेसर्स संजीवनी फार्मेसी, बिछिया जिला मंडला को औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी जिला मंडला द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किए गए हैं। नोटिस का जवाब संतोषजनक न पाए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

युवाओं में बढ़ते नशे की प्रवृत्ति को रोकने के लिए बेहद जरूरी है कि नींद की दवाओं और अन्य दवायें जिनका दुरूपयोग नशे के रूप में किया जा सकता है का विक्रय बड़ी ही सावधानी से किया जाये। दवाओं का संग्रहण उचित स्थान पर किया जाये। फ्रिज में उन्ही दवाओं का संग्रहण किया जाना चाहिये जिनको कोल्ड स्टोरेज में रखा जाना है। अग्रिम तिमाही में एक्सपायरी डेट की दवाओं को विक्रयार्थ स्टॉक से अलग किया जाये, ताकि भूलवश भी एक्सपायरी डेट की दवाओं का विक्रय न हो। दवा दुकान में औषधियों का विक्रय योग्य व्यक्ति के द्वारा किया जावे।

## भावल क्षेत्र के ग्राम चटरा डुंगरिया में मनाया गया शाहिद रेवत सिंह उईके जी का बलिदान दिवस



**नारायणगंज।** शहीद रेवत सिंह उइके जो आरपीएफ के जवान थे 15/7/2009 को जम्मू कश्मीर में शहीद हुए थे प्रति वर्ष के अनुसार इस वर्ष को भी समस्त ग्रामवासियों ने ग्राम के भारतीय आम नागरिक देश संघर्ष युवा संगठन भवाल क्षेत्र के चटरा डुंगरिया के युवाओ द्वारा शहीद रेवत सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण पुष्प अर्पण कर शहीद रेवत सिंह उइके जी के बलिदान को याद किया। शहीद रेवत भईया जी की मूर्ति पूजा के उपरांत राष्ट्रीय गान गाकर शाहिद का सम्मान किया गया उनकी याद पर सभी लोगों ने अपने अपने विचार रखे, साथ ही गांव के सरपंच हेम राज पंद्रों ने रेवत भईया विचार मंच पर समाज को नशा मुक्ति के प्रति जागृति लाने का संदेश दिया और समाज सेवक दुर्गेश सिंगरोंरे ने डुंगरिया ग्राम को नशा मुक्त बनने की बात पंच मुकद्दम बुजुर्गों से की, साथ ही अगले साल रेवत भईया जी की याद में गांवों के आर्थिक उत्थान के लिए रेवत महुआ वन वृक्षा रोपण करने की बात कही। आरपीएफ जवान की याद में अशोक का पेड़ लगाया गया और ग्राम वासियों ने आगामी वर्ष में रेवत महुआ वन बनाने का लिया संकल्प। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त ग्रामवासियों के साथ ग्राम के भारतीय आम नागरिक देश संघर्ष युवा संगठन के कार्यकर्ता, रमेश, जयसिंह, सुखसेन, सुब्बे लाल, बीरेंद्र,शामिल हुए। शहीद रेवत सिंह उइके जी के परिजन उनकी माता समलो बाई बहन बसंती उइके ग्राम के पंच, मुकदम अकल सिंह,बाबू लाल, हरिचंद्र तेकाम, फाग राम उइके , फूलचंद्र वरकड़े, रूपसिंह मलथरिया, सूमरत आदि लोग कार्यक्रम में शामिल हुए।

## विश्व आदिवासी दिवस की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न




**भुआबिछिया।** 09 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस समारोह मनाने हेतु सभागार मंगली विकास मवई जिला मंडला में तिरुमालसुखमन सिंह धुर्वे जनपद सदस्य, के अध्यक्षता में बैठक संपन्न ही जिसमें निर्णय लिया गया कि प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी 09 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस ग्राम पंचायत बादरवाडी के धार्मिक स्थल घूघरा घाट में भव्य रूप आयोजित किए जाने क्षेत्रीय युवा टीम के नेतृत्व में करने उपस्थित सदस्य सर्व सम्मति से पारित किया गया है। जिसमें अध्यक्ष तिरुमाल करन सिंह मरावी सरपंच, उपाध्यक्ष तिरु मालओमप्रकाश मरावी सरपंच, तिरु अक्षय कुमार परते, तिरु. सोहन सिंह मरावी सरपंच, तिरु चूरन सिंह धुर्वे अध्यक्ष इको विकास समिति मंगली, तिरु रननू सिंह परते सरपंच, तिरु छोटे लाल पंद्रे, तिरु जगबीर मरकाम तिरु रमेश टेकाम, तिरु बेसाखू मरावी तिरु सिया राम टेकाम क्षत्रिय समाज सेवी उपस्थित रहे, कार्यक्रम अधिक से अधिक उपस्थित होकर सफल बनाने का आग्रह किया गया।

**समाधान** | **मजदूर न मिलने से रोपाई में आती थी किसानों को परेशानी।**

# पैडी ट्रांसप्लांटर से किसानों को मिली नई राह

*** धान की रोपाई में आई क्रांति।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

मंडला जिले में धान की खेती में मशीनीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। कृषि अभियांत्रिकी विभाग मंडला द्वारा किसानों को वॉक-बिहाइंड 4-कतारी पैडी ट्रांसप्लांटर मशीन अनुदान पर उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे धान की रोपाई में लगने वाले समय और लागत में भारी कमी आएगी। साथ ही उत्पादकता में भी वृद्धि होगी।



सोमवार को नैनपुर विकासखंड के समनापुर गांव में किसान श्री ऋषि ठाकुर के खेत में इस अत्याधुनिक मशीन का सफल प्रदर्शन किया गया। कृषि अभियांत्रिकी विभाग से सहायक कृषि यंत्री श्रीमती प्रियंका मेश्राम और उपयंत्री भावना मरावी सहित किसान बंधु उपस्थित रहे।



### पैडी ट्रांसप्लांटरः किसानों के लिए वरदान

सहायक कृषि यंत्री श्रीमती प्रियंका मेश्राम ने किसानों को पैडी ट्रांसप्लांटर मशीन के कई फायदों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि पारंपरिक तरीकों से धान की रोपाई में मजदूरों की कमी एक बड़ी चुनौती है, जिससे समय पर काम पूरा नहीं हो पाता और लागत भी काफी बढ़ जाती है। इस समस्या का समाधान यह पैडी ट्रांसप्लांटर मशीन है, जो किसानों के लिए किसी वरदान से कम नहीं।

### कैसे काम करती है यह मशीन ?

पैडी ट्रांसप्लांटर मशीन के उपयोग के लिए धान की रोपाई से लगभग 16 दिन पहले मैट-टाइप नर्सरी तैयार की जाती है, जिसका आकार 1 फुट गुणा 2 फुट होता है। जब धान का रोपा 15 दिन से अधिक का हो जाता है, तो इन नर्सरियों को निकालकर मशीन में व्यवस्थित किया जाता है, जिसके बाद मशीन तैयार खेतों में रोपाई का कार्य करती है।


### लागत में कमी और उत्पादन में वृद्धि

इस मशीन के उपयोग से धान की रोपाई की लागत में 70-80 प्रतिशत तक कमी आती है। यह समय की भी भारी बचत करती है मात्र एक घंटे में एक लीटर पेट्रोल की खपत होती है और दो घंटे में एक एकड़ में धान की रोपाई हो जाती है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इससे धान का उत्पादन 15-20 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। लगभग 2.87 लाख रुपये की कीमत वाली यह मशीन कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा किसानों को अनुदान पर उपलब्ध कराई जा रही है। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने इस मशीन की कार्यप्रणाली को खूब सराहा और कई किसानों ने इसे खरीदने की इच्छा भी जताई। यह पहल मंडला के किसानों के लिए धान की खेती को अधिक लाभदायक और कुशल बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिससे उनकी आय और समग्र कृषि उत्पादकता में वृद्धि होगी।

## भोपाल में भाजपा की परिचयात्मक बैठक सम्पन्न

*** भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने सलाखों के काले दिन आत्मकथा भेंट कर प्रदेश नेतृत्व को किया भावुक।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



भाजपा प्रदेश कार्यालय, भोपाल में आयोजित परिचयात्मक बैठक में प्रदेश नेतृत्व और समस्त जिलाध्यक्षों की गरिमामयी उपस्थिति में संगठनात्मक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण विमर्श संपन्न हुआ। इस बैठक में मंडला भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा की सक्रिय और प्रेरणास्पद भागीदारी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। श्री मिश्रा ने 1975 की आपातकाल की त्रासदी और भाजपा कार्यकर्ताओं के संघर्षों पर आधारित मीसा बंदियों की आत्मकथा सलाखों के काले दिन की प्रति प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा एवं प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह को भेंट की। यह आत्मकथा न केवल ऐतिहासिक दस्तावेज है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की रक्षा में भाजपा की भूमिका का सजीव प्रमाण भी है। मंडला भाजपा द्वारा तैयार की गई इस पत्रिका को प्रदेश नेतृत्व ने अत्यंत सराहना और भावनात्मक श्रद्धा के साथ स्वीकार किया। इसके साथ ही प्रफुल्ल मिश्रा ने प्रदेश कार्यालय के लिए आवश्यक सामग्री एवं सहयोग स्वरूप एक विशेष भेंट भाजपा कार्यालय मंत्री श्री राघवेंद्र को भी ससम्मान प्रदान की, जिसे प्रदेश नेतृत्व ने संगठनात्मक सहयोग की सशक्त मिसाल बताते हुए सराहा। बैठक में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए भाजपा जिलाध्यक्षों के साथ संगठन की आगामी कार्ययोजना, जनसंपर्क अभियान और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत संकल्प को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। श्री मिश्रा ने मंडला जिले में भाजपा संगठन को मजबूत करने के लिए चल रहे अभियानों और जनसेवा कार्यों की जानकारी साझा की, जिसे प्रदेश नेतृत्व द्वारा अत्यंत सकारात्मक रूप में लिया गया। भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता राष्ट्र सेवा, संगठन सशक्तिकरण और जनकल्याण के लिए अपने कर्तव्यों के प्रति पूर्ण निष्ठा के साथ संलग्न हैं।

## खबर संक्षेप

### कन्या नवीन स्कूल में आयोजित हुआ विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर के पीएम श्री शास. कन्या नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जिला एवं सत्र न्यायाधीश मा. सूरजसिंह राठौर के मुख्य आतिथ्य व शेख रहीम पीएलवी विधिक सेवा प्राधिकरण गाडरवारा की सहभागिता तथा प्राचार्य श्रीमती लेखा कौरव की अध्यक्षता में विधिक जागरुकता एवं साक्षरता शिविर के अंतर्गत व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों के स्वागत के साथ संस्था की वरिष्ठ शिक्षक श्रीमती अर्चना दुबे के स्वागत भाषण के द्वारा किया गया। वही बताया जाता है कि कार्यक्रम में मा. सूरजसिंह राठौर के द्वारा बहुत ही सहज एवं स्पष्ट भाषा में पास्को एक्ट एवं वर्तमान परिस्थिति में विभिन्न घटनाओं एवं कानून के बारे में छात्राओं को सटीक जानकारियाँ उदाहरण संहित दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय से विक्रम शर्मा, रचना सक्सेना, दीप शिखा शुक्ला सहित अन्य शिक्षक व शिक्षिकाये मौजूद रही।

### युवक के साथ की गई मारपीट

**गाडरवारा।** नगर के निरंजन वार्ड निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरा भाई गोविंद भाट एक घर खाना खाने के लिये गये हुये थें। जब खाना खाकर वापिस आ रहे थें उसी दौरान बाल निकलते तो देखा कि बंटी ठाकुर, राजा ठाकुर अजय ठाकुर तीनों सानू के साथ मारपीट कर रहे है तो मेरा भाई बीच बचाव करने लगा। इसी दौरान अजय ठाकुर ने अपने हाथ में रखे हुये किसी नुकीली वस्तु से मारते हुये चोट पहुंचाई। वही राजा ठाकुर ने बैसबाल के बल्ले से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाते हुये कहा कि यदि अब कभी बीच बचाव करने का प्रयास किया तो जान से खत्म कर देगे।

### शराब पीने के लिये पैसा न देने पर की मारपीट

**गाडरवारा।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस नगर के लक्ष्मी बाई वार्ड निवासी एक मिस्त्री द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया हे कि बीते हुये दिवस जब वह अपना आटों लेकर पुराने बस स्टैन्ड के पास सोसाईटी में समान लेने के लिये गया हुआ था उसी दौश्रान पटैल उर्फ नवीन कुचबंदिया मिला और शराब पीने के लिये पांच सौ रूपया की मांग की गई। जब प्रार्थी द्वारा पैसा देने से इंकार किया गया तो आरोपी द्वारा प्रार्थी के साथ गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी देते हुये आटों में तोड़फोड करते हुये क्षति पहुंचाई। घटना को लेकर पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### डंडा मारकर चोट पहुंचाई

**गाडरवारा।** पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम कजरौटा निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह खेत से अपना काम करने के बाद घर जा रहा था उसी दौरान गांव के दीपक कौरव द्वारा बगैर किसी कारण के गंदी गंदी गालिया देना शुरू कर दिया जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो आरोपी द्वारा डंडा से मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### चाचा के साले ने की मारपीट

**गाडरवारा।** समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम गरहा निवासी राजकुमार उर्फ राजा पिता चेतराम बसेड़िया उम्र 22 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह बीते हुये दिवस रात 11 बजे अपने घर पर था उसी समय रिस्ते में चाचा का साला ग्राम बिल्हैरा निवासी शरद पचौरी आया और घर के आंगन में घुसकर गंदी गंदी गालिया देने लगा जब गाली देने से मना किया तो आरोपी द्वारा आपने साथ रखे हुये लाठी से मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई।

# गाडरवारा कामती मार्ग के हाईवे रोड़ के किनारे भारी भरकम ट्राला व डंपरों की लाईन दे रही दुर्घटनाओं को आमंत्रण, वाहन चालकों सहित स्कूल बच्चों का निकलना हुआ दूभर









**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

क्षेत्र में स्थापित एनटीपीसी पावर प्लांट से निकलने वाली राख तथा समीपस्थ गोटीटोरिया से कोयला का परिवहन करने के लिये इस समय जहां क्षेत्र की सड़को पर भारी भरकम डम्फरों के साथ साथ ट्रालाओं की धमाचौकड़ी देखने मिल रही है। जबकि क्षेत्र की सड़को की सच्चाई पर नजर डाली जावे तो इन सड़को की गुणवत्ता न तो इन डम्फरों का भार सहन करने की है और न ही सड़को की चौड़ाई इस प्रकार से है कि उन पर इस तरह के वाहन दौड़ाये जा सके। मगर इसके बाद भी गाडरवारा क्षेत्र की सड़को पर प्रदेश सहित देश के कौने कौने से आये हुये ट्राला जहां प्रतिदिन धमाचौकड़ी मचाते हुये आम लोगों की जिन्दगी के साथ खुलेआम खिलबाड़ करने से नही चूक रहे है। बताया जाता है कि गाडरवारा से ककरा घाट होते हुये निकलने वाली राख ढोने वाले इन डम्फरो के चलते इस मार्ग की चौड़ाई कम होने के कारण जब कोई ट्राला जा रहा होता है तो पीछे से आने वाले वाहन चालक का सामने से आने वाला वाहन दिखाई नही देता है और जब ट्राला के पीछे चलने वाले बाइक हो या फिर अन्य प्रकार के छोटे वाहन चालक को जरा सी साइड मिलती है तो वह आगे निकलने का प्रयास करता है इस स्थिति में सामने से आने वाले वाहन से टकराने से नही चूक पाता है। इसी का परिणाम है कि इस मार्ग पर बीते हुये 6 माह के अंदर गाडरवारा से लेकर तेंदूखेड़ा के बीच डम्फर व ट्रालों के चलते घटित हुई सड़क दुर्घटनाओं में अनेक लोगों की मौते हो चुकी है..? यही हाल गाडरवारा से पिपरिया जाने वाला मार्ग हो या फिर सांईखेड़ा सहित करेली की ओर जाने वाले मार्ग की स्थिति देखने मिल रही है। क्योंकि इन मार्गो पर पढ़ने वाले ढावो के दोनों ओर वह ट्राला चालक अपने डम्फरों को खड़ा करते हुये भोजन करने लगते है और सड़के दोनों किनारों पर डम्फरों की लम्बी लाईने लगी होने के दौरान जब कोई छोटा वाहन का चालक आता जाता है तो उसे सामने से आने वाला वाहन दिखाई नही देता है जिसके चलते वाहन टकराने की संभावना बनने से नही चूक पाती है। इस समय नगर के रेल्वे स्टेशन से सोया प्लांट की ओर जाने वाले वाय पास मार्ग यानि की रायल पैलेस के सामने से लेकर सोया प्लांट तिरहा तथा कामती की ओर जाने वाले मार्ग का हाल तो इस तरह देखने मिल रहा है कि मानों इन डम्फर व ट्राला चालको अपना पूर्ण अधिकार स्थापित कर लिया हो...? क्योंकि इस समय चल रहे बारिश के मौसम के दौरान किनारे इन डम्फरों की लम्बी लम्बी लाईने लगाई लगी हुई देखी जा रही है। गाडरवारा कामती मार्ग पर काबरा पेट्रोल पंप से लेकर सोयाबीन प्लांट तिरहा के पास इस दर्जनों की संख्या में सड़क के दोनों ओर डम्फरों की लम्बी लाईने लगी हुई दिन भर आसानी से देखी जा सकती है। यह राष्ट्रीय स्तर का मार्ग होने के चलते जहां प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में लम्बी दूरी के वाहनों का आना जाना लगा रहता है। वही दूसरी ओर इस समय किसानों की मूंग खरीदी का कार्य शुरू होने के कारण किसानों के ट्रेक्टर ट्रालियों की लाईने लगते हुये भी देखी जा रही है। इस स्थिति में इन भारी भरकम डम्फरों का सड़क किनारे अतिक्रमण होने के चलते सबसे अधिक परेशानी का सामना उन मासूम स्कूली छात्र छात्राओं को करते हुये देखा जा रहा है जो आसपास के गांवों से साईकिल सहित अन्य वाहनों से गाडरवारा पढ़ाई करने के लिये आते है। इस प्रकार से सड़क किनारे इन डम्फरों की लाईन लगी रहने के कारण मासूम बच्चों की जिन्दगी खतरे से खाली नही रह पा रही है। क्योंकि सरकार द्वारा ग्रामीण बच्चों को पढ़ाई के लिये साईकिल सहित स्कूटी तो प्रदान की जा रही है। मगर उनकी सुरक्षा भगवान भरोसे दिखाई देने से नही चूक पा रही है। इस बात को लेकर मासूम छात्र छात्राओं के अभिभावको में अपनी बच्चों को लेकर चिंता देखने मिल रही है। मगर बडे ही हैरत की बात है कि इन मार्गो से आये दिन क्षेत्र के जिम्मेदार प्रतिनिधियों से लेकर जिला स्तर से लेकर तहसील स्तर के अधिकारियों का निकलना होता रहता है। मगर इसके बाद भी इस तरह सड़क किनारे इन डम्फरों व ट्राला चालको द्वारा स्थापित किये गये अपने साम्राज्य को जिस तरह नजर अंदाज किया जा रहा है उसी का परिणाम है कि जहां इन भारी भरकम डम्फर चालको के हौसले बुलंद होते चले जा रहे है और आमजन के साथ साथ स्कूली बच्चों की जिन्दगी खतरें में दिखाई देने से नही चूक रही है..? इस सच्चाई को लेकर आमजन का कहना है कि गाडरवारा कामती मार्ग हो या फिर शहर का वायपास मार्ग जब सड़क के दोनों ओर डम्फरों की लाईने लगी होती है तो छोटे वाहन चालक अपने वाहन आगे की ओर निकलने का प्रयास करते है। इस स्थिति में सामने से आने वाला वाहन दिखाई नही देता है। जब तक वह सामने से आने वाले वाहन को देखने में सफल होते है तब तक दुर्घटना घटित हो चुकी होती है..? इस तरह क्षेत्र की सड़को के किनारे स्थापित हो चुके डम्फर चालकों के साम्राज्य के चलते क्षेत्रवासी अपनी जिन्दगी को दांव पर लगाते हुये यात्रा करने के लिये मजबूर होते हुये देखे जा रहे है। इस समय चल रहे बारिश के दौरान जब यह डम्फर सड़कों के किनारे खड़े रहते और कोई वाहन निकल रहा होगा तो उसकी दुर्घटना होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है। इतना ही नही इसी मार्ग वे नगर के अनेक स्कूलों की बसों का निकलना भी होता है जो आसपास के गांवों से स्कूली बच्चों को लेकर आती जाती है। अब सबाल यह पैदा हा रहा हे कि यदि इन डम्फर व ट्रालाओं के चलते यदि कोई घटना घटित होती है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा...? इस तरह शहर के आसपास संचालित होने वाले ढ़ावों सहित क्षेत्र की सड़को के दोनों ओर लम्बी लम्बी लाईनों में खड़े होने वाले डम्फर पर अंकुश लगाने की क्षेत्र की जनता द्वारा मांग उठाई जा रही है..। क्योंकि ढावा मालिकों द्वारा जहां अपने स्वार्थ को ध्यान में रखते हुये इन डम्फर चालको को पूरी व्यवस्थाये उपलब्ध कराई जा रही है। मगर उन्हें सड़क से हटकर पार्किग की व्यवस्था नही दिये जाने के कारण यह डम्फर चालक अपने डम्फर व ट्रालाओं को मुख्य सड़को के किनारे ही खड़ा करते हुये ढ़ावों पर खाना खाने के लिये चले जाते है। इस स्थिति में दिन दिन भर सड़को के किनारे लगनी वाही डम्फरों के लम्बी लाईनो के कारण गाडरवारा से करेली हो या फिर पिपरिया सांईखेड़ा सहित वायपास मार्ग से छोटे वाहन चालकों का निकलना मुश्किल होने से नही चूक रहा है।



## लायंस क्लब द्वारा पर्यावरण का संदेश देते हुये एक पेड़ माँ के नाम के तहत किया पौधा रोपण

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस समय जिस प्रकार से प्रकृति का संतुलन विगड़ते हुये देखा जा रहा है उसका मुख्य कारण एक ही है कि पर्यावरण की रक्षा को अनदेखा करने के साथ पौधा रोपण करने की जगह लोगों द्वारा धड़ल्ले से पेड़ो की कटाई की जा रही है। जब पृथ्वी पर पेड़ नही रहेगे तो फिर जीवन के लिये शुद्व हवा मिलने की कल्पना कैसी की जा सकती है। इस तरह लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने तथा पर्यावरण को दृष्टिगत रखते हुए एक पेड़ मां के नाम के तहत बीते हुये दिवस स्थानीय लायंस क्लब द्वारा नगर के एक राइस मिल में वृक्षारोपण करते हुये लोगों को जागरूकता का संदेश दिया गया। इस मौके पर रौपे गये पौधों में मुख्य रूप से आम, जामुन, अशोक, बील तथा मोरिंगां सहित अन्य पेड़ो के पौधा शामिल थें।इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष मधु चौहान, क्लब के सचिव बृजेश पटेल, कामिनी निगम, उषा दुबे, आशा सोनी, काशीराम सप्रे, अंकुश पटेल सहित अन्य लाइंस क्लब के सदस्य मौजूद रहे।

### महिला को लाठी मारकर किया घायल

**गाडरवारा।** समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम अर्जुन गांव निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि उसके घर के पास में रहने वाले ही लखत सिंह अहिरवार द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये लाठी से मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## मूंग खरीदी में हो रही देरी को लेकर आक्रोशित किसानों ने पौड़ार तिरहा के पास हाईवे रोड़ पर किया चक्काजाम, अधिकारियों की समझाईश के बाद माने अन्नदाता







**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।**

लगातार प्रकृति की मार झेलते हुये किसी तरह अपने खेतों में अनाज पैदा करने वाले किसानों को अब अपने पसीने की कमाई विक्रय करने का समय आता है तो उसे जिस प्रकार से परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ता है। इस बात की सच्चाई इस समय चल रहे समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी के दौरान देखने मिल रहा है। क्योंकि किसानों द्वारा अपनी खेती को लाभ का धंधा की सोच रखते हुये बडे ही उत्साह के साथ गर्मी सीजन की मूंग फसल की बोनी की गई थी। किसानों ने सोचा था कि हर साल की भांति शासन द्वारा उनकी मूंग फसल को समर्थन मूल्य पर खरीद की जावेगी। मगर सरकार द्वारा मूंग फसल की खरीदी करने के लिये अपनी ओर से किसी तरह की प्रक्रिया शुरू नही किये जाने के चलते जब अन्नदाताओं द्वारा अपना विरोध प्रकट किये जाने के बाद मध्यप्रदेश सरकार द्वारा किसानों की मूंग खरीदी करने के लिये तैयार तो हो गई। मगर जब तक काफी देरी होने के चलते अनेक किसान अपनी मूंग को ओने पोने दामों में विक्रय कर चुके है। इस तरह जिन किसानों के पास मूंग रखी हुई उनकी समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीदी करने के लिये सरकार द्वारा जो नीति बनाई गई है उसके चलते निर्धारित माप दंडों का पालन करने वाले वेयर हाऊसों को ही खरीदी केन्द्र बनाने का आदेश जारी किया गया था। मगर इसके बाद देखने मिला कि हमारे जिले में शासन द्वारा नियमों का पालन करने वाले बेयर हाऊसों को नजर अंदाज करते हुये कुछ इस तरह के बेयर हाऊसों को केन्द्र घोषित कर दिये गये थें जो मूंग खरीदी के लिये बनाई गई नीति के विपरित बताये जाते है। जब किसानों द्वारा अपनी मूंग का विक्रय करने के लिये स्लाट बुक किये गये थें इन खरीदी केन्द्रो पर उनके स्लाट बुक होने के कारण मूंग लेकर पहुंचने की सूचना भी मिल गई। मगर मूंग खरीदी के नियमों के विपरित घोषित किये गये केन्द्रो की शिकायत मिली तो इन केन्द्रो को कैसिल किये जाने की खबर है? मगर किसानों द्वारा बुक किये गये स्लाटो के चलते वह इन केन्द्रो पर बीते हुये कुछ दिनों से लाईन लगाकर खडे हुये देखे जा रहे है। इस स्थिति में यदि किसान बुक किये गये अपने स्लाटों को कैसिंल करता है तो उसे इस बात का डर है कि दो बारा यदि स्लाट बुक नही हुये तो उसकी मूंग विक्रय होने से रह जावेगी। इस तरह शासन द्वारा मूंग खरीदी को लेकर बनाई गई निति के बाद भी अधिकारियों द्वारा स्थानीय स्तर पर घोषित किये गये मूंग खरीदी केन्द्रो की गलती का परिणाम क्षेत्र के अन्नदाता किसानों को भोगने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है। वही दूसरी ओर इसी के चलते मूंग खरीदी की शुरूआत होने में भी क्षेत्र में लगभग एक सप्ताह से अधिक समय की देरी हो चुकी है। जो खरीदी केन्द्र निति के तहत शामिल बताये जाते है उन पर मूंग खरीदी का कार्य सुचारू रूप से संचालित होते हुये देखा जा रहा है। वही दूसरी ओर मूंग खरीदी निति में शिथिलता लाने के लिये क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह द्वारा प्रयास किये जा रहे है। जिससे किसानों को मूंग का विक्रय करने में किसी तरह परेशानी का सामना न करना पड़े। इस तरह मूंग खरीदी केन्द्रो पर बीते हुये कुछ दिनों से लाईन लगाकर खड़े हुये किसानों द्वारा अपनी मूंग विक्रय को लेकर समीपस्थ पौड़ार तिरहा के पास अचानक विरोध प्रदर्शन करते हुये चकाजाम कर दिया गया था। इस तरह चकाजाम की खबर मिलते ही मौके पर उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा, नगर निरीक्षक विक्रम रजक व तहसीदार प्रियंका नेताम ने पहुंचकर किसानों को समझाईश दी गई जब कही उनके द्वारा चकाजाम समाप्त किया गया। इस तरह किसानों द्वारा अपनी गर्मी की मूंग फसल को विक्रय करने के लिये जिस तरह से परेशान होते हुये देखा जा रहा है उसके चलते उनमें आक्रोश की स्थिति पैदा होने से नही चूक पा रही है। क्योंकि जहां एक ओर किसानों के खेतों में धान फसल लगाने का सीजन चल रहा है। इसी बीच किसानों को कई दिनों तक अपनी मूंग फसल को विक्रय करने के लिये खरीदी केन्द्रो के सामने लाईन लगाकर खड़े होने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है। इसी के चलते किसानों में गुस्सा पैदा होने के चलते उनके द्वारा चकाजाम जैसे कदम उठाते हुये देखा जाने लगा है। यदि मूंग खरीदी की निति में शिथिलता नही आई तो किसानों में आक्रोश की चिंगारी और भड़कने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है..?

## सिहोरा पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव गांव किराना दुकानों की भांति विक्रय हो रही शराब की गिरफ्त में समा रही युवा



**हरिभूमि न्यूज/सिहोरा/बोहानी।**

शहर में विदेशी, देशी शराब का जिस प्रकार से शहर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध रूप से कारोबार चलते हुये देखा जा रहा है उसका परिणाम है कि इसकी गिरप्त में लगातार युवा पीढ़ी आने के साथ साथ अपनी जिन्दगी को बर्बाद करने से नही चूक रही है। बल्कि सही मायने में देखा जावे तो शराब पीने की चपेट में आए युवाओं, किशोरों की तादाद बढ़ती चली जा रही है..? यह बात अलग है कि आये दिन पुलिस प्रशासन के साथ साथ समाजसेवी संस्थाओं द्वारा नशा मुक्ति संबंधी शिविरों का आयोजन करते हुए नशा से दूर रहने के लिए संदेश दिया जाता है। मगर वह मात्र औपचारिकता पूर्ण ही दिखाई दे रहा है और इसी का परिणाम है कि जहां तहां बिक रही अवैध शराब के चलते युवा पीढ़ी इसकी चपेट में आने से नही बच पा रही है...? गौरतलब है कि सिहोरा पुलिस चौकी के अंतर्गत आने वाले अनेक गांवों शाम ढलने के बाद शराब की दुकानों पर युवाओं की भीड़ उमड़ने लगती है तो दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में गांव गांव किराना दुकानों के समान शराब का अवैध कारोबार चलते हुये देखा जा रहा है जिसके चलते शहर से लेकर गांवों में आसानी से उपलब्ध हो रही शराब के चलते युवा जो अपने दोस्तों के साथ शराब पीकर इतने मस्त हो जाते है कि उन्हें अपने घरों की स्थिति का ध्यान नही रहता और रात को जब वे अपने घरों की दहलीज पर लड़खड़ाते हुए कदम रखते है तो महिलाएं बुरी तरह विचलित हो जाती है और घरों में कोहराम मच जाता है। क्षेत्र के जागरूक नागरिकों का कहना है कि शराब ने शहर लेकर गांवों का माहौल बिगाड़ दिया है। युवाओं, किशोरों को शराब पीने की लत लगने से उनका स्वास्थ्य बिगड़ रहा है, माँ बाप की आशाओं के अनुरूप वे अपना भविष्य नही बना पा रहे है और घरों में कलह हो रही है। लोगों का कहना है कि शराब के शौकीन युवा ठीक से घरों में भोजन नही कर रहे है और अपने माँ बाप की सेवा करने की बजाय उन्हें परेशान करते हुए देखे जा रहे है। इतना ही नही यदि शराब की दुकानों की सच्चाई पर गौर किया जावे तो जिस प्रकार से नगर में शराब दुकाने रहवासी क्षेत्रों में संचालित हो रही है उसके चलते जहां नगर लेकर गांवों का संपूर्ण वातावरण दूषित हो रहा है तो दूसरी ओर ग्राम क्षेत्रों में जहां तहां किराना दुकानों के समान चलने वाली इन दुकानों पर होने वाली मारपीट के चलते आसपास रहने वाले किशोरों पर भी विपरीत असर पड़ते हुए देखा जा रहा है, जिसके चलते शहरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि गांव गांव हो रही शराब की विक्री पर अंकुश लगाया जावे।

### नीम हकीमों की हुकूमत के आगे प्रशासन बना उदासीन, आम लोगों की जिन्दगी से हो रही खिलवाड़

**हरिभूमि न्यूज/ चीचली।** क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों इन दिनों नीम-हकीम अनाड़ी थैला छाप चिकित्सकों की हुकूमत देखने को मिल रही है, जिनके द्वारा इलाज के नाम पर रोगियों के परिजनों से जमकर चांदी काटी जा रही है। यह पहला अवसर नहीं है कि जब इस संबंध में संबंधित विभाग का ध्यान न दिलाया गया है, इसके पूर्व भी ग्रामीणजनों से मिली शिकायतों के अनुसार जिला प्रशासन का ध्यान देने के लिए मांग की जा चुकी है, किन्तु ऐसे कथित चिकित्सकों के विरूद्ध कार्यवाही के नाम पर परिणाम सिफर ही साबित हुए हैं। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ऐसे अनेक ग्रामीण अंचलों का जायजा लिया जावे तो निश्चित तौर पर एक गॉव में ऐसे आधे दर्जन से भी अधिक नीम हकीम थैला छाप चिकित्सक मिल जावेंगे जो अवैध रूप से अपना कारोबार संचालित करते हुए धड़ल्ले से अपनी दुकानदारी कर रहे हैं। उल्लेखानीय है कि जहां एक ओर एक ओर शासन द्वारा नगर में क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने हेतु तो स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना की गई है। मगर उसमें चिकित्सकों का आभाव के चलते लोगों को सभी लाभ नही मिलने का परिणाम है कि ग्रामीण अपनी बीमारी के चलते अपनी जान पर बन आते देख इन कथित नीम हकीमो से ही इलाज कराना पड़ता है..? गलियारों में चिकित्सा व्यवसाय करने वाले ऐसे दर्जनों नीम हकीम है।

## पात्र के जगह अपात्र ले रहे शासन की योजनाओं का लाभ, शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में जांच कराई जाने की उठ रही मांग...?

**हरिभूमि न्यूज/कल्याणपुर।**



शासन की योजनाओं में मनमानी करना अधिकारियो का आदत में बनता जा रहा है, क्योंकि सरकार द्वारा गरीबों के हितों को ध्यान में रखते हुए अनेक प्रकार की योजनाएं चलाते हुए उनका भला करने की सोच रखी हुई है, मगर उन योजनाओं का लाभ गरीबों को मिलने की जगह इस प्रकार के लोगों को उठाते हुए देखा जा रहा है जो पूर्ण रूप से साधन संपन्न है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई जनपद पंचायत चावरपाठा अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों में जिस तरह से गरीबी रेखा व अति गरीबी रेखा सूची में लापरवाही की गई है, उससे पात्र लोगों के नाम तो नही जुड़े है। किन्तु अपात्रों के नाम अवश्य जोड़ दिये गये है जिनके पास अपने खेतों में नलकूप सहित ट्रेक्टरों से लेकर सभी प्रकार के साधन उपलब्ध है। इस प्रकार से गौर किया जावे तो गरीबों को मिलने वाले हक का उपयोग अपात्र व प्रभावशाली लोग आसानी से उठाते हुए देखे जा रहे है। जबकि शासन द्वारा चलाई जा रही अनेक योजनाओं के बाद भी गरीब रोजी रोटी की तलाश में भटकने के लिए मजबूर हो रहे है। आम जन द्वारा गरीबी रेखा, अति गरीबी रेखा सूची से अपात्र लोगों के नाम काटने की बात कही जा रही है। जबकि सूची का पुनरीक्षण किए जाने पर पात्र लोगों के नाम जोड़ने की भी मांग की है, यदि यहां की इस सूची की बारिकी से जांच की जावे तो कई एकड़ के कास्तकारो के साथ जिनकी पक्की बिल्डिग बनी है,उन लोगों को इस सूची में शामिल करना अधिकारियों की लापरवाही का नतीजा है, जिसके लिये शासन के आदेशों को ताक पर रखकर ऐसा किया जा रहा है। जबकि ये लोग शासकीय वेतन का भी उपयोग करते है। फिर यही लोग सूची में भी अपना नाम जुड़वा लेतें है। ऐसे कृत्यों की जांच किए जाने की जरूरत है,जबकि पात्र लोगों के नाम प्रकाश में आने पर कार्रवाई किए जाने की आवश्यकता है। शासन की योजनाओं में पलीता लगाया जाना आम हो चुका है, जिससे गरीबों का हक अमीरों के लिए वरदान बना हुआ है। क्षेत्र वासियों का कहना है कि एक ओर सरकार तो खुलीमंचों से गरीबों को लाभ देने की बात कह रही है। मगर उन गरीबों को उनकी योजनाओं का लाभ लेने के लिए पात्र बनने ही नही दे रही है..? यदि यहां की सूचियों की जांच की जावे तो गरीबों रेखा में ऐसे लोग पाये जा सकते है जो सत्ताधारी पार्टी के पदाधिकारी है और जिनके खेतों की सिंचाई करने के लिए कई नलकूप पानी निकाल रह है। क्षेत्र के अनेक ग्राम पंचायतों में यदि इस बात की जांच की जाए तो ऐसे कई मामले प्रकाश में आयेगें जो लोग अमीरी की दहलीज पर खड़े है वह भी गरीबों के हक को छीनने में लगे हुए है?

छात्रावास, शिक्षा, भोजन, स्वास्थ्य और स्वच्छता व्यवस्थाओं का लिया जायजा, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

# कलेक्टर ने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय डिंडौरी का किया औचक निरीक्षण





**डिंडौरी ।** कलेक्टर ने बुधवार को विकासखंड डिंडौरी स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों आवासीय व्यवस्थाए स्वास्थ्य सेवाओंए स्वच्छता भोजन एवं अन्य सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बालिका छात्रावास में उपस्थिति की जांच कीए जहाँ 240 में से 232 छात्राएं उपस्थित पाई गईं। छात्रावास अधीक्षक अमीना खान एवं स्टॉफ नर्स ओसमी पटेल नियमित रूप से छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण करती हैं। कलेक्टर ने छात्रावास की रसोई भोजन कक्ष व खाद्य सामग्री भंडारण कक्ष का निरीक्षण किया और कर्मचारियों से भोजन व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने साफ.सुथराए पौष्टिक एवं समय पर भोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। तहसीलदार शाहपुर को चावल की गुणवत्ता जांच हेतु सेंपल लेने के निर्देश दिए गए।व द्यालय के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक स्टाफ से विषयवार जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने वर्ष भर में मिले बजट से बच्चों को प्रदत्त सुविधाओं की जानकारी ली तथा आय.व्यय से संबंधित केशबुकए स्टॉक रजिस्टरए वितरण पंजीए अनुमोदन पंजी व बिल.वाउचर आदि का अवलोकन किया। गड़बड़ी और लापरवाही पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। श्रीमती मारव्या ने विद्यालय के भौतिक ढांचेए कक्षाओंए प्रयोगशालाओंए पुस्तकालयए छात्रावास में बिस्तर एवं पेयजल व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों से बातचीत कर उनकी पढ़ाईए पुस्तकालय सामग्रीए भोजन एवं भविष्य की योजनाओं के संबंध में जानकारी ली।शिक्षकों को निर्देशित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि कक्षाओं का नियमित निरीक्षण होए खेलकूदए सांस्कृतिक व अन्य सहशैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाए और आवासीय बच्चों के लिए समयबद्ध भोजन एवं स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सभी छात्रों की उपस्थिति सार्थक एप पर नियमित रूप से दर्ज की जाए।कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की जाए और इसकी रिपोर्ट शिक्षा विभाग को प्रस्तुत की जाए। इस अवसर पर नायब तहसीलदार शशांक शेण्डे जनपद पंचायत डिंडौरी के सीईओ प्रमोद झाए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉण रमेश मरावीए डीपीसी रावेन्द्र मिश्रा कार्यपालन यंत्री पीएचई अफजल इमाम उल्ला खान आयुष अधिकारी डॉण संतोष परस्ते सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### दुर्घटना में मृत्यु होने पर आर्थिक सहायता का बैंक प्रबंधक ने पत्नी को सौंपा चेक

**अनूपपुर।** जिले के ग्राम बम्हनी निवासी किसान राम विनोद पटेल की करंट लगने से असामयिक मृत्यु भारतीय स्टेट बैंक शाखा अनूपपुर ने मृतक की पत्नी मुन्नी बाई पटेल को दो लाख का चेक शाखा प्रबंधक नवीन कुमार ने प्रदान किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय से बॉबी मिंज (CM ऑपरेशन), नवनीत कुमार मिश्रा (सहायक प्रबंधक), शाखा मुख्य शाखा प्रवंथक नवीन कुमार, अजय कुमार, अमित पॉल, आशीष कोंगारी, मंगल सिंह तथा शाखा के सभी अधिकारी, कर्मचारी के उपस्थित रहे। भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक नवीन कुमार ने बताया कि ग्राम बम्हनी निवासी किसान राम विनोद पटेल का खाता भारतीय स्टेट बैंक शाखा अनूपपुर में खुला था जिनकी 1 मई 2024 को करंट लगने से असामयिक मृत्यु हो गई थी,उन्होंने बीस रूपये के वार्षिक प्रीमियम का प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना करवाया था। किसान के असामयिक दुर्घटना मृत्यु की जानकारी मिलने के उपरांत पीड़ति परिवार को संवेदना स्वरुप स्वयं बीमा के क्लेम 16 जुलाई को मृतक की पत्नी मुन्नी बाई पटेल को दो लाख का चेक प्रदान किया गया। बैंक ने लोगों से अपील की है कि सभी लोग प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना को अपनाएं, ताकि किसी भी विषम परिस्थिति में परिवार को आर्थिक मदद मिल सके।

### श्री केसरी नंदन मंदिर में 19 जुलाई को होगा पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक



**अनूपपुर।** पवित्र सावन माह में भगवान शिव की आराधना,साधना से उनकी कृपा प्राप्त करने का पुण्य फल प्राप्त होता है। इसी तारतम्य में विगत वर्षों की भांति वार्ड क्रमांक 13 पुरानी बस्ती के केसरी नंदन मंदिर अम्हाई में 19 जुलाई को श्री केसरी नंदन मंदिर विकास परिषद अनूपपुर के सौजन्य से सामूहिक पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक कार्यक्रम आयोजित किया गया है। समिति के सदस्यों ने श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि वह इस पवित्र और पुण्य कार्य में सहभागी बन भगवान शिव की कृपा प्राप्त करें। आयोजन समिति के रविंद्र शर्मा ने बताया कि श्री केसरी नंदन मंदिर में पवित्र पार्थिव शिवलिंग का निर्माण 19 जुलाई को प्रातः 9 बजे से किया जाएगा, दोपहर 2 से भंडारा प्रसाद का कार्यक्रम रखा गया है। उन्होंने सभी भक्तों से उपस्थित का आग्रह किया है।

### आंगनबाडी भवन बनाने पार्षद दीपक शुक्ला की मांग



**अनूपपुर।** नगर पालिका परिषद अनूपपुर के वार्ड क्र.04 के पार्षद व जल कार्य एवं सीवरेज विभाग के सभापति दीपक कुमार शुक्ला ने कलेक्टर को शिकायती आवेदन देकर नया आंगनबाडी भवन बनाये जाने की मांग की है। उन्होने शिकायती आवेदन मे लेख किया है कि वार्ड क्रमांक 04 में सरकारी जमीन न होने के कारण आंगनबाडी किराये के कमरे में संचालित हो रहा है। उन्होने बताया कि वार्ड क्रमांक चार में एक प्राथमिक पाठशाला है। जिसमे लगभग 30 या 32 बच्चे पढते हैं जिन्हे कन्या पाठशाला बस स्टेण्ड में शिफ्ट किया जा सकता है क्योंकि वर्तमान मे जिस स्कूल मे बच्चे पढ रहे हैं उस स्कूल के कई कमरे जर्जर हो चुके हैं जिससे कभी भी अप्रिय घटना हो सकती है। उस जर्जर भवन को गिराकर नया आगंनबाडी भवन बनाया जा सकता है। श्री शुक्ला ने इस संबंध मे उचित कार्यवाही की मांग की है।

### बृजेंद्र कुमार मिश्रा के निधन पर शोक

**अनूपपुर।** एक पेड़ मां के नाम अभियानके तहत आदर्श ग्राम बैहाटोला में नामांकुर संस्था जीएस हितकारिणी समिति एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के पूर्व में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद अनूपपुर के डाटा एंट्री ऑपरेटर बृजेंद्र कुमार मिश्रा के आकस्मिक निधन पर 2 मिनट मृत आत्मा की शांति के लिए शोक संवेदनाएं व्यक्त की गई तदोपरांत वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया कार्यक्रम मे विकासखंड से सरिमन साकेत विकास खंड समन्वयक मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद कोतमा पूर्व सरपंच होम लाल सिंह नवांकुर संस्था से ओंकार सिंह बैहाटोला ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति की अध्यक्ष श्रीमती निर्मला सिंह समिति के सदस्य तथा ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने विभिन्न शासकीय संस्थानों का किया औचक निरीक्षण, लापरवाही पर दिए सख्त निर्देश



**डिंडौरी।** कलेक्टर ने बुधवार को ग्राम पंचायत धौरईए चटुआ किंवटी और डिंडौरी नगर क्षेत्र में संचालित शासकीय संस्थानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षाए छात्रावास व्यवस्थाए स्वच्छताए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का गंभीरता से मूल्यांकन किया।

निरीक्षण की शुरुआत ग्राम धौरई स्थित आंगनवाड़ी केंद्र से की गई जहां केंद्र तो खुला पाया गयाए परंतु बच्चे अनुपस्थित थे। सहायिका ने बताया कि बारिश के कारण बच्चे नहीं आ सके। कलेक्टर ने पोषण आहार वितरण और सफाई व्यवस्था की स्थिति पर असंतोष जताया और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के गैरहाजिर रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात शासकीय पोस्ट मैट्रिक पिछड़ा वर्ग बालक छात्रावास डिंडौरी का निरीक्षण किया गया जहां छात्रावास अधीक्षक अनुपस्थित पाए गए। सौ सीटर छात्रावास में मात्र दो छात्र उपस्थित थे। छात्र उपस्थिति सार्थक ऐप पर दर्ज नहीं थी रसोई संचालन अनियमित पाया गया और साफ.सफाई की स्थिति भी खराब थी। इस पर कलेक्टर ने तहसीलदार शशांक शेंडे को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने शासकीय सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास ;प्राचीन डिंडौरीद्ध का भी भ्रमण किया और विद्यार्थियों से सीधे संवाद कर उनकी शिक्षाए भोजनए आवास और अध्ययन सामग्री की उपलब्धता की जानकारी ली। छात्रावास अधीक्षक राजेश चौरे ने भवन क्षमता से दोगुनी संख्या में छात्रों के रहने और पानी की समस्या की जानकारी दी। कलेक्टर ने इसे गंभीर मानते हुए शीघ्र नया भवन उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया और पीएचई विभाग को जल समस्या समाधान हेतु निर्देशित किया। ग्राम पंचायत चटुआ से किंवटी मार्ग पर मनरेगा योजना से निर्मित पुलिया के



निरीक्षण के दौरान अनियमितता सामने आई। संबंधित अधिकारियों ने वर्ष 2024.25 में निर्माण कार्य पूर्ण होने की जानकारी दी थीए जबकि ग्रामीणों ने बताया कि पुलिया डेढ़ वर्ष पहले ही बन चुकी है। गलत जानकारी देने पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल निलंबित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार शशांक शेंडेए जनपद पंचायत डिंडौरी के सीईओ प्रमोद झाए सीएमएचओ डॉण रमेश मरावीए डीपीसी रवीन्द्र मिश्राए पीएचई के कार्यपालन यंत्री अफजल इमाम उल्ला खानए आयुष अधिकारी डॉण संतोष परस्ते समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## जनपद पंचायत डिंडौरी में हुई मनरेगा कार्यों की समीक्षा बैठक, कलेक्टर ने दिए कड़े निर्देश



**डिंडौरी।** जनपद पंचायत डिंडौरी के सभाकक्ष में मंगलवार को कलेक्टर की अध्यक्षता में मनरेगा योजना के अंतर्गत संचालित विकास कार्यों की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में तालाब निर्माण नाली निर्माण सड़क मरम्मत खेत.तालाब वृक्षारोपण जल गंगा संवर्धन चेक डेम परकुलेशन टैंकए वर्मी कम्पोस्ट टैंक समेत अन्य श्रम आधारित गतिविधियों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कार्यों की प्रगति मजदूरी भुगतान की स्थितिए मस्टर रोल की अद्यतन प्रविष्टिए फोटो अपलोडिंग और जॉब कार्डधारियों को रोजगार की उपलब्धता जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि मजदूरी भुगतान में किसी भी प्रकार की देरी न हो और कार्यों की अद्यतन जानकारी नियमित रूप से पोर्टल पर दर्ज की जाए।

### परकुलेशन टैंक और तालाबों की स्थिति पर नाराजगी

कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन एवं परकुलेशन टैंक की स्थिति की समीक्षा के दौरान ग्राम पंचायत मुढ़िया खुर्द उदरी माल और भरवई में बने परकुलेशन टैंक और नवीन तालाब के बारिश के दौरान फूटने की घटनाओं को गंभीरता से लिया। उन्होंने ग्रामीण यांत्रिकी विभाग को जिले में कराए गए सभी निर्माण कार्यों की जांच का जिम्मा सौंपते हुए कार्यपालन यंत्री आर ई एस को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सब इंजीनियर संदीप शुक्ला फिरोज खान एवं धर्मेन्द्र यादव को लापरवाही बरतने पर नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए।

### कार्यों में सुस्ती पर जताई चिंता

बैठक के दौरान कुछ ग्राम पंचायतों में निर्धारित लक्ष्यों की धीमी प्रगति एवं अपूर्ण कार्यों को लेकर अधिकारियों ने चिंता जताई। जनपद पंचायत सीईओ ने सख्त लहजे में कहा कि सभी निर्माण कार्य तय गुणवत्ता और समयसीमा में पूर्ण किए जाएं। अपूर्ण कार्यों की सूची तैयार कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द पूरा कराया जाए। इस बैठक में जनपद सीईओ डिंडौरी परियोजना अधिकारी मनरेगा प्रदीप शुक्ला संबंधित इंजीनियर सहायक यंत्री सहित अन्य अधिकारी.कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रणाम नर्मदा युवा संघ ने आयोजित किया सर्पदंश जागरूकता एवं बचाव कार्यक्रम



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** प्रणाम नर्मदा युवा संघ के द्वारा विश्व सर्प दिवस के अवसर पर सर्पदंश जागरूकता एवं बचाव कार्यक्रम का आयोजन वन विद्यालय अमरकंटक में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वन रक्षकों को सर्पदंश जैसी गंभीर आपदा के प्रति सतर्क करना, बचाव के उपायों की जानकारी देना तथा समाज में व्याप्त भ्रांतियों और अंधविश्वासों को दूर करना था ताकि वन परिक्षेत्र में सेवा दे रहे वनरक्षक वन्यजीवों तथा वन में निवासरत लोगों की रक्षा कर सकें ।वन क्षेत्र में सर्पदंश से मृत्यु के मामले समान्य रूप से देखे जाते हैं। वर्ष 2016 से प्रणाम नर्मदा युवा संघ द्वारा सांपों को एवं सांपों से लोगों को बचाने के लिए यह कार्यक्रम सतत रूप से आयोजित किया जा रहा है।वन विद्यालय में विश्व सर्प दिवस के अवसर पर प्रणाम नर्मदा युवा संघ एवं वन विभाग अनूपपुर के संयुक्त तत्वावधान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षार्थियों के लिए प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया ।कार्यक्रम में सांपों की पहचान, सर्पदंश के पश्चात किए जाने वाले प्राथमिक उपचार, विषैले और विषहीन सर्पों में अंतर की पहचान, तथा सांपों से घर को सुरक्षित रखने के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में वन विद्यालय के सहायक अनुदेशक महेंद्र कुमार यादव, परिक्षेत्र अमरकंटक के परिक्षेत्र अधिकारी वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, संस्था के अध्यक्ष डॉ विकास चंदेल, संस्था के सचिव एवं मुख्य वक्ता हरीश कुमार धुर्वे, संस्था के सदस्य माखन सिंह उपस्थित रहे ।

## शिक्षा व्यवस्था पर संकटएशिक्षकों से गैर.शैक्षणिक कार्य! शासन के आदेश की उड़ रही धज्जियाँ

**डिंडौरी।** मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग ने स्पष्ट निर्देश जारी किए थे कि शिक्षकों को केवल शैक्षणिक कार्यों तक ही सीमित रखा जाए ताकि शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित न हो। लेकिन इन निर्देशों को दरकिनार करते हुए डिंडौरी जिले में बड़े पैमाने पर शिक्षकों को बीएलओ ;बूथ लेवल ऑफिसर की जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। दिनांक 4 जून 2015 को स्कूल शिक्षा विभाग बल्लभ भवन भोपाल द्वारा सभी संभागायुक्तों एवं कलेक्टरों को आदेश जारी कर यह स्पष्ट कहा गया था कि शिक्षकों को बीएलओ कार्य से मुक्त रखा जाए तथा यह कार्य रोजगार सहायकए पंचायत सचिवए पटवारी और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से कराया जाए।लेकिन जमीनी हकीकत इसके विपरीत है। जिले में आधे से अधिक शिक्षकों को बीएलओ बना दिया गया हैए वहीं सभी प्राचार्य को सुपरवाइजर एवं मास्टर ट्रेनर की जिम्मेदारी दी जा रही है। हैरानी की बात यह है कि शैक्षणिक कार्यदिवसों में ही प्रशिक्षण आयोजित किए जा रहे हैं और शिक्षकों को घर.घर जाकर बीएलओ का कार्य करने को कहा जा रहा है।

इससे विद्यालयों में शैक्षणिक कार्य प्रभावित हो रहा है और विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित हो रही है। शिक्षा विभाग के अपने ही आदेशों की अनदेखी से शासन की ष्बेहतर शिक्षा व्यवस्थाष की मंशा पर प्रश्नचिह्न खड़ा हो गया है। वहीं शिक्षकों में नाराजगी शिक्षकों का कहना है कि एक तरफ शासन गुणवत्ता शिक्षा की बात करता हैए दूसरी तरफ हमें गैर.शैक्षणिक कार्यों में उलझाया जा रहा है। इससे पढ़ाई की निरंतरता टूट रही है और छात्रों का भविष्य खतरे में है। अब सवाल यह उठता हैरू जब शासन के स्पष्ट निर्देश मौजूद हैंए तो फिर इनका पालन क्यों नहीं हो रहाघ क्या शिक्षा को फिर से चुनाव और प्रशासनिक कार्यों की बलि चढ़ा दिया जाएगा।

## अपर नर्मदा सिंचाई परियोजना को निरस्त करने प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से की मुलाकात

# गलत सर्वे और रिपोर्ट के आधार पर परियोजना की रूपरेखा तैयार करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



पिछले कुछ वर्षों से प्रशासन की गलत रिपोर्टिंग और रणनीति के कारण अपर नर्मदा परियोजना शोभापुर अनूपपुर डिंडोरी का निर्माण कार्य इसलिए प्रारंभ नहीं हो पा रहा है क्योंकि इस परियोजना को लेकर क्षेत्र के किसान और रहवासी निरंतर इसका विरोध कर रहे हैं क्योंकि उनके भविष्य पर संकट के बादल मंडरा रहा है। इस परियोजना के प्रारंभ होने से क्षेत्र का विकास तो नहीं लेकिन विनाश होना सुनिश्चित है जिसकी चिंता की लकीरें हर किसी के माथे पर देखी जा सकती हैं। अपर नर्मदा परियोजना को निरस्त करने की मांग को लेकर भाजपा अनूपपुर जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम के नेतृत्व में राज्यपाल से प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम राजेश सिंह सराठीया विजय सिंह पट्टा भागरथ सिंह स्वामी सोनवानी तथा अन्य लोगों ने मध्य प्रदेश के महामहिम राज्यपाल से मुलाकात कर अपर नर्मदा परियोजना को निरस्त करने की मांग की जिससे कि जल जंगल जमीन एवं आदिवासियों का संरक्षण सुनिश्चित हो सके और पलायन की स्थिति निर्मित ना हो।

### 50 ग्राम पंचायतें होंगी प्रभावित

पिछले 25 से 30 वर्ष पहले अपर नर्मदा परियोजना शोभापुर अनूपपुर डिंडोरी को प्रस्तावित किया गया जिसके बाद से इस परियोजना का निरंतर विरोध हो रहा है और क्षेत्र के लोग भय के वातावरण में जीवन जीने को मजबूर हैं जब चुनाव आता है इस परियोजना को प्रारंभ करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाती है जिससे क्षेत्र वासियों को संघर्ष का सामना करना पड़ रहा है। इस परियोजना के कारण लगभग 50 ग्राम पंचायत प्रभावित हो रही हैं। परियोजना का दुष्परिणाम जल जंगल जमीन और आदिवासियों के पलायन के रूप में देखा जा रहा है जो इस क्षेत्र के लिए हितकर नहीं है।

### गलत सर्वे और रिपोर्ट के आधार पर तैयार की गई परियोजना की रूपरेखा

भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम के नेतृत्व में मिले प्रतिनिधि मंडल ने महामहिम राज्यपाल से कहा कि गलत सर्वे और रिपोर्ट तथा दबाव में ग्राम पंचायत के प्रस्ताव फर्जी तरीके से तैयार कर कर प्रस्तुत की गई और परियोजना को प्रस्तावित करने का कार्य किया गया जबकि हमारे क्षेत्र में इस परियोजना की कोई आवश्यकता ही नहीं है। पुष्पराजगढ़ क्षेत्र में खरीफ एवं धान की दो फसल का उत्पादन 80 से 90 हजार टन प्रतिवर्ष किया जा रहा है जिसकी खरीदी भी शासन के द्वारा की जाती है फिर भी क्षेत्र को असंचित घोषित करने का कार्य फर्जी तरीके से प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा किया जाता है ऐसी परियोजना के कारण कृषि आधारित हमारे जनजातीय समाज के परिवारों को विस्थापन की स्थिति से गुजरना पड़ता है ऐसे पहले भी हो चुका है

### परियोजना को निरस्त कर दिया जाए संरक्षण

महामहिम राज्यपाल को दिए गए पत्र के माध्यम से बताया गया कि अनूपपुर जिला पुष्पराजगढ़ भारतीय संविधान के प्रदत्त भाग 10 में पांचवी अनुसूची में आता है जो अनुसूचित क्षेत्र के रूप में परिभाषित किया जाता है जिसका संरक्षण महामहिम के अधीन है इसके साथ ही पेसा कानून 2022 यहां पर लागू है जिसमें बिना ग्राम सभा के अनुमति के कोई भी ऐसी परियोजना को लागू करने की अनुमति नहीं है जब तक की ग्राम सभा की सहमति प्रदान न हो। प्रतिनिधि मंडल ने महामहिम राज्यपाल मध्य प्रदेश से मुलाकात कर अपर नर्मदा परियोजना को निरस्त कर आदिवासी आंचल को संरक्षण प्रदान करने की मांग की गई है जिससे कि यहां पर विस्थापन तथा अन्य समस्याओं का सामना क्षेत्र के लोगों को ना करना पड़े और उनका जीवन यापन सुचारू रूप से चला रहे।

## खबर संक्षेप

### एटीएम बीमा क्लेम अदा करने के निर्देश

**हरिभूमि न्यूल - नरसिंहपुर।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग नरसिंहपुर द्वारा एक प्रकरण की सुनवाई करते हुए एटीएम धारक की आकस्मिक मृत्यु होने पर उसकी पत्नी को एटीएम बीमा क्लेम दो लाख रुपये की राशि एक माह में अदा किए जाने के आदेश सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा नरसिंहपुर को जारी किए हैं। जारी किये आदेश में प्रकरण क्रमांक 154/2020 परिवादी श्रीमती राधा बाई जाट पति स्व. सुधीश जाट निवासी ग्राम धुबघट थाना स्टेशन गंज नरसिंहपुर ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा नकटुआ तहसील व जिला नरसिंहपुर के विरुद्ध जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग नरसिंहपुर में अपने पति स्व. सुधीश जाट के बचत खाता में एटीएम कार्ड संचालित किए जाने पर बैंक द्वारा मिलने वाली आकस्मिक दुर्घटना मृत्यु पर एटीएम क्लेम की बीमा राशि के लिए परिवाद प्रस्तुत किया था। जिसकी सुनवाई के बाद आयोग मृतक की पत्नि को राहत प्रदान करते हुए एटीएम की बीमा राशि दो लाख रुपये एक माह में अदा किए जाने व इस राशि पर दिनांक 09 अक्टूबर 2020 से अदायगी दिनांक तक 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से भुगतान किए जाने व परिवादी को सेवा में कमी के मद में दस हजार रुपये एवं वाद व्यय के मद में तीन हजार रुपए प्रथक से भुगतान किए जाने के आदेश जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष ऋषभ कुमार सिंघई व सदस्य नीलेश कुमार जैन द्वारा जारी किए गए हैं। परिवादी की ओर से एडवोकेट प्रभात नेमा ने प्रकरण में पैरवी की।

### मूंग खरीदी केन्द्रों पर ट्रेक्टरों की लगी लंबी-लंबी कतारें

**तेंदूखेड़ा।** इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र के विभिन्न वेयर हाऊसों में मूंग उड़द की समर्थन मूल्य के तहत खरीदी चल रही है। किसान अपनी अपनी मूंग को लेकर संबंधित वेयरहाउस के समीप ट्रेक्टर ट्राली ले जाकर खड़े कर दिए गए हैं।जिनकी काफी लंबी-लंबी कतारें देखने को मिल रही है। वहीं डोभी के समीप ट्रेक्टरों की काफी लंबी लाइन लग जाने से ईश्वर तरफ से आने वाले वाहनों को आवागमन में असुविधा होने लगी है।सिंगल सड़क मार्गों पर यह समस्या देखने को मिल रही है।

### मुख्य सड़क मार्गों पर जहां तहां बने गढ़डों से बढ़ रही घटनाएं

**तेंदूखेड़ा।** इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र में मुख्य सड़क मार्गों के साथ साथ एप्रोच सड़क मार्गों पर बड़े बड़े गढ्डे निकल आये है। जिनके कारण निकलने वाले छोटे बड़े वाहनों को परेशानी हो रही है। बाहनों के निकलते समय पानी ऊपर आने से हाट टांक की स्थिति बन रही है। वहीं छोटे वाहन भी अंसतुलित होकर गिरकर जख्मी हो रहें हैं। पूर्व में भी इन गढ्ढों को लेकर समाचार पत्रों के माध्यम से प्रशासन तक बात पहुचांई गई थी।अब इसी सड़क मार्ग पर फिर से और भी गढ्ढे निकल आये है।समय रहते यदि इन गढ्ढों को नहीं भरा गया तो गंभीर हादसे होने से कोई नहीं रोक सकता है।

## वीडियो वायरल होने के बाद खुली पुलिस की नींद

# दो युवकों के साथ कपड़े उतार कर की गई मारपीट

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर**





गोटेगांव। बीते दिवस सोशल मीडिया में दो युवक के साथ मारपीट करने का वीडियो तेजी से वायरल हुआ। वीडियो सोशल मीडिया में अपलोड होने के बाद पुलिस हरकत आई और कार्रवाई प्रारंभ की गई। वीडियो देखने के बाद प्रत्येक व्यक्ति द्वारा उक्त घटना की निंदा की जा रही है। वीडियो मे दो युवको को कुछ युवक कपड़े उतार कर मारपीट करते नजर आ रहे है। हालांकि पुलिस के अनुसार उक्त वीडियो दो माह पुराना है। वही क्षेत्र मे तनाव का माहौल भी बना हुआ है। उक्त घटना थाना क्षेत्र गोटेगांव की झोतेश्वर चौकी के ग्राम श्रीनगर का बताया गया।

### मामला इस प्रकार

सोशल मीडिया मे वायरल हुए वीडियो मे दो युवकों के कुछ युवकों द्वारा बेरहमी के साथ मारपीट की जा रही है। युवकों के गुप्तांग मे भी चोट भी पहुंचाई जा रही है। मे बताया गया कि युवकों को फोन पर झगड़ा होने की बुलाया गया था। उसी दौरान युवकों के साथ गाली मारपीट शुरू कर दी गई। उक्त घटना का वीडिया बना व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया में वायरल कर दिया गया। एक माह बीत जाने के बाद पुलिस हरकत मे आई और कार्रवाई प्रारंभ की गई। पुलिस ने 6 आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज कर जांच मे लिया। वही क्षेत्र मे तनाव का माहौल बना हुआ है। जानकारी मिलने के बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व पुलिस बल मौके पर पहुंचे।

**गुप्तांगों पर भी मारी चोट, दो माह पुरानी है घटना**



### 6 पर मामला दर्ज 4 गिरफ्तार

उक्त घटना के संबंध अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया द्वारा बताया गया कि पीड़ति की शिकायत पर 25 मई को आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया था। वही सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद स्थिति को देखते हुए अपराध क्रमांक 455/25 पर धाराएं बढ़ाई गई है। जिसमें आरोपी शिवम यादव, आमिर, जैत व साजिद को हिरासत मे ले लिया गया है वहीं दो अन्य युवकों की तलाश जारी है। हालांकि उक्त घटना के संबंध मे लोगों द्वारा अनेको प्रकार से चर्चा की जा रही है। उक्त मामले मे पुलिस की कार्यप्रणाली पर संदेह उत्पन्न हो रहा है।

### विहिप एवं क्षेत्रीय नागरिकों ने सौंपा ज्ञापन

उक्त घटना को लेकर विश्व हिंदू परिषद एवं क्षेत्रीय नागरिकों ने एसडीएम एवं गोटेगांव थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि 14 जून को दो मासूम लड़कों को बहुत ही अमानवीय तरीके से नग्न करके उनके साथ मारपीट करते हुए वीडियो बनाकर वायरल किया गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि समुदाय विशेष के लोग क्षेत्र में हमेशा मारपीट करके भय और दबाव का माहौल बनाकर ग्राम वासियों को डराते धमकाते हैं। इन लोगों ने दोनों युवकों को मरणासन्न होने की स्थिति में छोड़ा। विश्व हिंदू परिषद ने ज्ञापन देकर मांग की है कि घटना में शामिल लोगों को चिन्हित कर सख्त से कार्य कार्यवाही यदि नहीं की जाती है तो क्षेत्र के समस्त हिंदू संगठन एवं क्षेत्रीय लोग उग्र आंदोलन करेंगे।

### बंद रहा बाजार, पुलिस बल रहा तैनात

झोतेश्वर चौकी पुलिस एवं गोटेगांव पुलिस ने मामले को सामान्य मारपीट की घटना मानकर मामला तो कायम किया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो पाई। पीड़ति युवक भी बेज्जती का घूंट पीकर शांत होकर बैठ गए। वीडिया वायरल होने के बाद मामले ने तब तूल पकड़ा । जिसने भी यह वीडियो देखा तो मारपीट देखकर लोगों के रोंगटे खड़े हो गए। वायरल वीडियो को देखकर जहां हिंदू संगठन आक्रोशित हो उठे। वहीं विश्व हिंदू परिषद व क्षेत्रीयजन भी मैदान मे आ गए। हालात की गंभीरता को देखते हुए अब ग्राम श्रीनगर में पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था की है। वहीं तनाव को देखते हुए संप्रदाय विशेष की कई दुकानें आज बंद रही। वायरल वीडियो जब पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में आया तो अब पुलिस ने मामले की गंभीरता को समझते हुए कार्यवाही की है। जहां एडिशनल एसपी संदीप भूरिया ,एसडीओपी मनीष त्रिपाठी, थाना प्रभारी प्रवीण सराफ दलबल के साथ श्रीनगर पहुंचे। इस मामले में अब तक चार आरोपी आमिर खान, जैत खान, साजिद खान एवं शिवम यादव सहित चार आरोपियों को हिरासत में लिया है। जबकि दो अन्य लोगों की तलाश पुलिस कर रही है। गिरफ्तार चारों युवकों को आज नरसिंहपुर जेल भेज दिया गया। जोकि श्रीनगर निवासी थे, गोटेगांव पुलिस ने 455/25, 296, 115,(2),3 (5)वी एन एस के तहत मामला कायम कर विवेचना में लिया है।

## विश्व युवा कौशल दिवस कार्यक्रम का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर**

जन शिक्षण संस्थान नरसिंहपुर द्वारा संस्थान कार्यालय में विश्व युवा कौशल दिवस कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर कौशल विकास विशेषज्ञ व प्रबंध मंडल सदस्य राकेश राजपूत मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान निदेशक आशीष कुमार सेन ने की। संस्थान निदेशक आशीष कुमार सेन ने बताया कि इस वर्ष 2025 विश्व युवा कौशल दिव्यस की थीम एआई और डिजिटल कौशल के माध्यम से युवा सशक्तिकरण है, जो प्रौद्योगिकी के भविष्य के लिए युवा पीढ़ी को तैयार करने पर केंद्रित है। विश्व युवा कौशल दिव्यस हर वर्ष 15 जुलाई को मनाया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि ए आई युवाओं को लगातार बदलती दुनिया में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक कौशल के साथ सशक्त बनाने के महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के मुख्य अथिति राकेश राजपूत ने बताया इस वर्ष हम कौशल विकाश मिशन के सफलतम 10 वर्ष पूर्ण होने को सेलिब्रेट कर रहे हैं। पिछले 10 वर्षों में हमने कौशल विकाश के क्षेत्र में बेहतर परिणाम प्राप्त किये हैं। जिसके परिणाम स्वरूप अनेक युवा स्वरोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बने हैं। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी सुमित दुबे व आभार सहायक कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती पूनम पाली ने किया। इस अवसर पर रोशन पटेल, अंजली ठाकुर, मोहनी, अफसरी बानो व प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

## समन्वयवादी स्वभाव के व्यक्ति थे कौशलेन्द्र जाट



**हरिभूमि न्यूल - नरसिंहपुर।** सकारात्मक और रचनात्मक सोच के साथ जो जिंदगी जीता है उसे हमेशा याद रखा जाता है। राजनीतिक मतभेदों को अलग कर संबंधों को हमेशा निभाते रहना बड़ी बात होती है। ऐसे ही व्यक्तित्व और कृतित्व के धनी पत्रकार कौशलेंद्र जाट थे। उक्त बात शगुन गार्डन में कौशलेंद्र जाट पप्पू को श्रद्धांजलि देने आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पूर्व विधायक सुनील जायसवाल ने कही। श्री जायसवाल ने कहा कि कौशलेंद्र भाई का समन्वयवादी स्वभाव हमेशा याद रहेगा। डॉ संजीव चांदोकर ने कहा कि जिंदगी कितनी जिए यह महत्वपूर्ण नहीं होता आप जिंदगी कैसे जिए यह महत्वपूर्ण होता है। चैधरी चंद्रशेखर साहू ने बताया कि कौशलेंद्र के पिताजी मेरे साथ पढ़े इसलिए कौशलेंद्र से भी मेरे संबंध रहे। जिला जाट समाज के सचिव लाल साहब जाट ने बताया कि कौशलेंद्र की विनम्रता और सहजता से सभी प्रभावित रहे। श्रद्धांजलि सभा में महाकाल महाराज ने कहा कि मृत्यु अटल है किंतु कुछ लोग हमेशा याद रहते हैं। इस अवसर पर संजय जैन, अजय मालवीय, संतोष चैकसे, सुशांत पुरोहित, अमर नोरिया, विनीत नेमा, दीपक श्रीवास्तव, अभय तिवारी पिंटू, समीर खान, विनोद श्रीवास्तव, नीलेश जाट आदि ने कौशलेंद्र जाट पप्पू के असमय निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए क्षेत्र के लिए क्षति बताया। उक्त मौके पर बड़ी संख्या में सभी राजनीतिक दलों, पत्रकार एवं अनेक संगठनों के पदाधिकारी कार्यकर्ता प्रतिनिधि मौजूद थे। अंत में मोन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

## रासेयो स्वयंसेवकों ने किया वृक्षारोपण



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में प्राचार्य डॉ.आर.बी.सिंह के सानिध्य में तथा रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समवयक डॉ. शोभाराम मेहरा की उपस्थिति में एक पेड़ मां के नाम अमृतवाटिका में पौधारोपण किया गया तथा कार्यक्रम समवयक डॉ. शोभाराम मेहरा ने सभी स्वयंसेवक छात्रों को पंजीयन के लिए प्रेरित किया और अपने आशीर्वचनों से उन्हें संबोधित किया। पौधारोपण कार्यक्रम में डॉ. आलोक तिवारी, डॉ. राजेश ठाकुर मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर स्वयंसेवक छात्र में दलनायक दिनेश अग्रवाल, पूर्वदलनायक वेदान्त दुबे, वरिष्ठ स्वयंसेवक रोहित नौरिया, हर्षित चैरसिया, हर्षित जाटव, ब्रजेश चैधरी, विश्वास जाटव, शाहिलखान, यशवन्त साहू, शरद साहू, शिखा वर्मा, राशिका चैरसिया आदि कई स्वयंसेवक छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस मौके पर दिनेश अग्रवाल ने मंच संचालन किया एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जी. एस. मर्सकोले ने उपस्थित जनों का आभार माना।

## आर.आई., पटवारी, सचिव एवं रोजगार सहायक, जी आर एस की बैठक सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज - गोटेगाँव।**



*जनपद पंचायत गोटेगांव में आर.आई., पटवारी, सचिव एवं सह सचिवों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में गोटेगाँव विधायक महेन्द्र नागेश उपस्थित रहे। बैठक में वरिष्ठ समाजसेवी इंजीनियर सरदारसिंह पटेल, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि दादूराम पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेन्द्र ठाकुर, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि देवेन्द्र पटेल तथा मंडल अध्यक्षगण अंजनी सोनी अभिषेक पटेल भगवत पटेल एवं श्री रघुनाथ ठाकुर भी मौजूद रहे। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों में एस.डी.एम. गोटेगाँव, सीईओ जनपद पंचायत गोटेगाँव एवं नायब तहसीलदार ने भाग लिया। बैठक में वर्षा ऋतु में उत्पन्न होने वाली आपदाओं की रोकथाम, अतिक्रमण नियंत्रण एवं विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की गई। विधायक महेन्द्र नागेश ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि बारिश के मौसम में जनहित के कार्यों में तेजी लाएं तथा अतिक्रमण पर सख्ती से कार्यवाही सुनिश्चित करें। सभा के दौरान सभी जनप्रतिनिधियों ने भी क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से रखा तथा समाधान के लिए ठोस पहल करने का आग्रह किया।*

## करणी सेना द्वारा सौंपा गया ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिहपुर।** विगत दिवस करणी सेना व कांग्रेस द्वारा हरदा हुए लाठी चार्ज को लेकर प्रदर्शन कर डिप्टी कलेक्टर मनोज चैरसिया को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन मे बताया गया है कि करणी सेना के कार्यकर्ताओं पर हरदा मे लाठीचार्ज किया गया जो न्याय संगत नही है। उक्त प्रदर्शन मे बच्चे भी शामिल थे ज्ञापन मे मांग की गई है कि कार्यकर्ताओं पर दर्ज किए गए मामलो की निष्पक्ष जांच हो तथा मामले वापस लिए जाएं। वही प्रदर्शनकारियों द्वारा कहा गया कि जब तक मामले वापस नही लिए जाते तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा।

## स्व. श्याम सुन्दर नारायण को दी श्रद्धांजलि

# एम आई एम टी में मनाया गया स्थापना दिवस






**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।**

*स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, कृषि रत्न स्वर्गीय श्याम सुन्दर नारायण मुशरान की स्मृति एवं पूर्व वित्त मंत्री स्व. कर्नल अजय नारायण मुशरान के मार्गदर्शन में स्थापित उत्कृष्ट उच्च शिक्षण संस्थान एम आई एम टी कॉलेज नरसिंहपुर के 27 वें स्थापना दिवस समारोह का आयोजन विविध कार्यक्रमों के माध्यम से किया गया।*

इस क्रम में स्थानीय मुशरान पार्क में स्व. श्याम सुंदर नारायण मुशरान की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम प्रातः 11 बजे आयोजित किया गया। दोपहर 12 बजे महाविद्यालयीन कार्यक्रमों के अंतर्गत श्रद्धांजलि सभा एवं व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। दोपहर 1 बजे रक्तदान एवं छात्र - छात्राओं हेतु निःशुल्क रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय परिसर में एनसीसी एवं एनएसएस इकाईयों द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। पं. मैथिलीशरण तिवारी, इंजी. सुनील कोठारी, डॉ. सुधीर सिंघई, सुधीर लूनावत एवं एड. रचित तिवारी ने स्व. श्याम सुंदर नारायण मुशरान एवं स्व. कर्नल अजय नारायण मुशरान के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए महाविद्यालय परिवार को शुभकामनाएं प्रेषित की। स्वागत उद्बोधन में चेयरमैन इंजी. रुद्रेश तिवारी द्वारा महाविद्यालय विकास यात्रा को रेखांकित करते हुए अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन मेजर डॉ. पराग नेमा एवं आभार प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग द्वारा किया गया। इस अवसर पर एन.पी. प्रजापति पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, पूर्व विधायक सुनील जयसवाल, नरेन्द्र राजपूत, लाखन सिंह पटेल, अजय तुलसी, चन्द्रशेखर साहू, विश्वनाथ सिंह गुमास्ता, विपिन जाट, प्रियांक कहार एंव महबूब खान सहित रोटरी क्लब के सदस्य, एम आई एम टी स्टाफ मेंबर्स, ब्लड बैंक टीम तथा छात्र - छात्राओं की उपस्थिति रही।

### ये हुए सम्मानित

महाविद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर इंजी. सुनील कोठारी, आर पी शर्मा, अखिलेश शर्मा, इंजी. नीलेश जैन, राजेन्द्र गुप्ता, कमल तिवारी, इस्लाम मास्टर को महाविद्यालय विकास यात्रा में विशेष सहयोग देने हेतु सम्मानित किया गया।

### इन्होंने किया रक्तदान

मेजर डॉ पराग नेमा, कैडेट शिवम ठाकुर, विकास कुमार, सिद्धार्थ कौरव, सूजल मेहरा, प्रतीक पाण्डेय, ऋषि राज लोधी, सिद्धार्थ कौरव, रीतेश चैधरी, रजनीश कुशवाहा, अनिल कौरव, साकेत कौरव, हरिओम वर्मा, उमंग रजक, देशराज लोधी, प्रिंसी ठाकुर, साक्षी पटेल, अभिलाषा कौरव एवं प्रियांशु वाजपेयी द्वारा रक्तदान किया गया।

## नशा मुक्ति जागरूकता पखवाड़े को हुआ शुभारंभ



**हरिभूमि न्यूल - नरसिंहपुर।** नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत 15 से 30 जुलाई तक चलने वाले नशामुक्ति जागरूकता पखवाड़े के तहत थाना मुंगवानी के सदस्यों और पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मुंगवानी के संयुक्त सहयोग से जनमानस में नशे से होने वाली हानियों के विषय में प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के पहले दिन, 15 जुलाई को थाना मुंगवानी के सदस्यों द्वारा विद्यालय के छात्रों के लिए नशे से होने वाली हानियों पर एक व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर थाना उप निरीक्षक संजय सूर्यवंशी ने छात्रों को नशे के विभिन्न प्रकारों और उनसे होने वाली आर्थिक एवं सामाजिक बुराइयों के विषय में विस्तृत जानकारी दी। थाने के सदस्यों, विद्यालय के छात्रों और शिक्षकों द्वारा एक विशाल जन रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में विभिन्न पोस्टरों और नारों के माध्यम से गाँव भ्रमण कर लोगों को नशे को त्यागने और अपने समाज को उन्नति की ओर ले जाने के लिए जागरूक किया गया।

### चार दशक पहले बना सोसायटी भवन हो गया जहां तहां से हो गया जर्जर




**तेंदूखेड़ा।** आम गरीब वर्ग के हितग्राहियों और कृषकों को सदैव काम में आने वाली सहकारी विपणन संस्था सोसायटी के भवन संपूर्ण क्षेत्र में जर्जर हो चुके हैं। जहां तहां से खिसलने के साथ दीवालें मुंह फाड़ने लगी है।ऐसा ही एक भवन तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सर्रा में लगभग 80 के दशक में बनीं सोसायटी जर्जर होकर जमीदोज होने का इंतजार कर रही है। स्थिति यह बनीं हुई है कि भवन पूरी तरह से जर्जर हो चुका है।पीछे तरफ से दीवालें भी बड़ी बड़ी दरारें आने के साथ जहां तहां से गिरने की स्थिति में पहुंच गई है।बार बार सुधार कराने के बाबजूद भी अब काम नहीं चल पा रहा है।भवन में हर माह आने वाले राशन और किसानों को मिलने वाले खाद की रखने की समस्या बनी हुई है। बरसात के दिनों में भवन के छत के ऊपर पनी डालकर पानी से बचाव करना पड़ रहा है। वहीं राशन और खाद की सुरक्षा को लेकर भी समीति प्रबंधक की जवाबदेही ज्यादा बढ़ गई है। इन भवनों को जमींदोज करके नये भवन बनाये जाने की जरूरत है। चूंकि यह केवल सर्रा ग्राम का विषय नहीं है बल्कि तेंदूखेड़ा इमझिरा डोभी सहित ग्रामीण क्षेत्रों की सोसायटी इसी तरह से जर्जर हो चुकी है।